## न्यूज डायरी



### ईरान ने माना कि यूक्रेन के विमान पर दागी गई थीं दो मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के नागरिक उड्डयन प्राधिकार (सिविल एविएशन अथॉरिटी) ने माना कि यूक्रेन के विमान पर दो मिसाइलें दागी गई थीं। अथॉरिटी की वेबसाइट पर सोमवार देर रात जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया, जांचकर्ताओं...ने यह पता लाया है कि दो टोर–एम1 मिसाइलें...विमान पर दागी गईं। इसमें कहा गया कि आगे की जांच जारी है। इस माह की शुरुआत में ईरान में यूक्रेन के एक विमान को मार गिराया गया था, जिसमें 176 लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान के बीच भीषण तनाव के मध्य हुई इस घटना में ईरान अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा लेकिन बाद में ईरान ने स्वीकार किया था कि उसने गलती से यूक्रेन का विमान गिराया है। ईरान ने जिस विमान को गिराया उसमें सबसे ज्यादा ईरान के ही नागरिक मौजूद थे।

### गैस लीक में 8 भारतीय पर्यटकों की मौत, विदेश मंत्रालय ने रखी है नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में एक रिजॉर्ट में संदिग्ध गैस रिसाव के कारण मंगलवार को आठ भारतीय पर्यटकों की मौत हो गई। मृतकों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद भारतीय दूतावास के अधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं। वहीं, विदेश मंत्रालय ने भी घटना पर नजर रखी हुई है। पुलिस अधीक्षक सुशील सिंह राठौर ने बताया कि रिजॉर्ट के कमरे में बेहोश मिले इन भारतीय नागरिकों को एचएएमएस अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। नेपाल अखबार हिमालय टाइम्सश की रिपोर्ट के अनुसार, गैस लीक में मारे गए 8 लोग, 15 पर्यटकों की उस टीम का हिस्सा थे जो केरल से पोखरा गया था। उधर, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घटना पर दुख जाहिर किया। उन्होंने ट्वीट किया, नेपाल में 8 भारतीय पर्यटकों की मौत त्रासदपूर्ण खबर से दुखी हूं। नेपाल में हमारा दूतावास स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मेगन, आर्ची संग नई जिंदगी शुरू करने कनाडा रवाना हुए प्रिंस हैरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। प्रिंस हैरी, अपनी पत्नी मेगन मर्केल और बेटे आर्ची के साथ नई जिंदगी शुरू करने के लिए कनाडा रवाना हो गए हैं। मेगन और आर्ची पहले से ही कनाडा में हैं। दरअसल, पिछले सप्ताह ही महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने राजवंश से उनके अलग होने की औपचारिकताओं को पूरा कर दिया था और उनके कनाडा जाने का रास्ता साफ हो गया था। बता दें शाही जिम्मेदारी से अलग होने के फैसले से हैरी और मेगन ने दुनिया को हैरान कर दिया था। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, श्ऐसा माना जा रहा है कि ड्यूक ऑफ ससेक्स राजवंश से उनके अलग होने की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सोमवार शाम ब्रिटेन से कनाडा के लिए रवाना हो गए। खबर के अनुसार लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से 5.30 बजे वह वैंकुवर के लिए रवाना हुए।

### जंगलों में लगी आग के लिये चौरिटी मैच में कोच होंगे तेंदुलकर और वाल्श

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। चौम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के धुरंधर गेंदबाज कर्टनी वाल्श आस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग से प्रभावितों के लिये धनराशि जुटाने के लिये चौरिटी क्रिकेट मैच में रिकी पोंटिंग एकादश और शेन वार्न एकादश के कोच होंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के अनुसार 'बुशफायर क्रिकेट बैश' आठ फरवरी को खेला जायेगा। क्रिकेट के सामाजिक सरोकार से जुड़े अहम दिन 'द बिग अपील' पर यह मैच खेला जा रहा है। तेंदुलकर और वाल्श इस मैच में रिकी पोंटिंग, शेन वार्न, जस्टिन लैंगर, एडम गिलक्रिस्ट, ब्रेट ली, शेन वाटसन, माइकल क्लार्क, एलेक्स ब्लैकवेल जैसे धुरंधरों की टीम के कोच होंगे। स्टीव वॉ और मेल जोंस भी टीमों से जुड़ेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ केविन राबर्टस ने कहा ,'' हम सचिन और वाल्श का आस्ट्रेलिया में स्वागत करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। दोनों बेहद सफल खिलाड़ी रहे हैं और हमें उनका बेताबी से इंतजार है।'' इस मैच से होने वाली कमाई आस्ट्रेलियाई रेडक्रास को जायेगी।

# चीन में मानव से मानव में फैल रहा करॉनवायरस

**अलर्ट**

## वुहान शहर से फैला करॉनवायरस दुनिया के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



पेइचिंग। चीन सरकार की एक एक्सपर्ट टीम के हेड ने सोमवार को कहा कि करॉनवायरस के मानव से मानव में संचार की पुष्टि हो गई है। यह ऐसा खुलासा है जिससे इसके बहुत कम समय में बहुत ज्यादा फैलने का डर बढ़ गया है। खुलासा करने वाले वसनतंत्र की बीमारियों के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणी चीन के क्वांगदोंग प्रांत में यह वायरस पारिवारिक सदस्यों से फैला। चीनी अखबार चाइना डेली की खबर में कहा गया है कि कुछ चिकित्साकर्मी भी वायरस से पीड़ित पाए गए हैं।

**चीन में अलर्टः** पूरे चीन में अभी करॉनवायरस से पीड़ितों की तादाद 200 पार कर चुकी है। एक्सपर्ट टीम के हेड ने सरकार से अपील की कि वह इस वायरस पर काबू पाने के लिए हरसंभव कोशिश करे। वहीं, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस संकट पर दिए अपने पहले बयान में कहा, वुहान एवं अन्य जगहों पर हाल में फैले नए करॉनवायरस न्यूमोनिया को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा, श्पार्टी की समितियों, प्रांतों की सरकारों और संबंधित विभागों को लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए।

**पड़ोसी देशों में भी चिंताः** इन्सान से इन्सान के बीच वायरस के संचार की आशंका से चीन और पड़ोसी देश काफी सतर्क हैं क्योंकि 25 जनवरी को चीन का नया वर्ष शुरू होता है और इस दौरान वहां त्योहारों का मौसम होता है जिसमें चीन के लोग दुनिया की सैर पर निकलते हैं। थाइलैंड और जापान में भी करॉनवायरस के कम–से–कम तीन मामले सामने आ चुके हैं। ये सभी वायरसपीड़ित हाल ही में चीन गए थे। साउथ कोरिया में भी सोमवार को पहला मामला सामने आ गया। 35 साल की चीनी महिला वुहान से सियोल आई थी और बीमार पड़ गई। एशिया महादेश के करीब आधे दर्जन देशों में और अमेरिका के तीन हवाई अड्डों पर सेंट्रल चीन से आने वाली एयरलाइंस से उतरने वाले यात्रियों की गहन जांच होने लगी है।

**वुहान से फैला करॉनवायरसः** माना जाता है कि करॉनवायरस पिछले महीने वुहान के फ्रेश फूड मार्केट से फैला। एक एक्सपर्ट ने कहा कि यह वायरस नया है और हर दिन नए–नए स्वरूप में देखा जा रहा है। सरकार ने वुहान के लोगों को आगाह किया है कि जिन्हें भी बुखार और कफ की समस्या हो, वे तुरंत अस्पताल जाकर जांच कराएं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि इसकी रोकथाम हो सकती है और नियंत्रित किया जा सकता है। करॉनवायरस के रोकथाम के उपाय इसकी रोकथाम के लिए भी कोई दवाई नहीं बनी है। इसलिए, इससे बचने के लिए बीमार लोगों से दूर रहना ही उचित है।

## आमिर मोहम्मद अब्दुल रहमान अल मवली अल–सल्बी बना इस्लामिक स्टेट का नया सरगना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। इंटेलिजेंस सर्विसेज ने आतंकवादी संगठन आईएस के नए सरगना की पहचान आमिर मोहम्मद अब्दुल रहमान अल मवली अल–सल्बी के रूप में की है। न्यूज पेपर श्द गार्जियनश ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार पत्र ने अपनी एक रिपोर्ट में दो खुफिया सेवाओं के अधिकारियों के हवाले से बताया कि वह आईएस के संस्थापकों में से एक है और इराक में यजीदी अल्पसंख्यों पर अत्याचार की पूरी गतिविधि को उसी की अगुवाई में अंजाम दिया गया था। इसके अलावा दुनियाभर में आतंक की हर घटना उसी की देखरेख में होती थी। गौरतलब है कि अक्टूबर में स्पेशल अमेरिकी फोर्सेज के हमले में आईएस सरगना अबु बकर अल बगदादी के मारे जाने के बाद संगठन ने अपने सरगना के रूप में अबु इब्राहिम अल हाशिमी अल कुरैशी के नाम का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, कुछ समीक्षकों का मानना है कि बगदादी के मारे जाने के बाद आतंकवादी संगठन कोई खतरा नहीं उठाना चाहता और उसके नए सरगना के बारे में जानकारी नहीं है। गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, बगदादी के मारे जाने के कुछ ही घंटों के अंदर सल्बी को नया सरगना चुन लिया गया था।



**रोहिंग्याओं के खिलाफ युद्ध अपराध हुए, जनसंहार नहीं**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यंगून। रोहिंग्याओं पर अत्याचारों की जांच के लिए गठित म्यांमार का पैनल सोमवार को इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि कुछ सैनिकों ने संभवतरू रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ युद्ध अपराधों को अंजाम दिया, लेकिन सेना जनसंहार की दोषी नहीं है। पैनल की इस जांच की अधिकार समूहों ने निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इस बारे में गुरुवार को फैसला सुनाने वाली है कि म्यांमार में जारी कथित जनसंहार को रोकने के लिए तुरंत उपाय करने की आवश्यकता है या नहीं।

## दुबई में भारतीय की लगी लॉटरी 40 लाख के साथ मिली लग्जरी कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में एक भारतीय दुकानदार की लॉटरी लग गई। इनाम के तौर पर उन्हें एक लग्जरी कार और 2 लाख दिरहम (करीब 40 लाख रुपये) भी मिले। खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीजीत नाम का यह शख्स पिछले 10 सालों से हर साल लॉटरी का टिकट खरीद रहा था। इस बार उन्हें इन्फिनिटी कार के साथ 2 लाख दिरहम (करीब 40 लाख रुपये) नगद मिले। यह लॉटरी दुबई शॉपिंग फेस्टिवल के 25वें एडिशन के तहत निकाली गई थी।

- दुबई में रहने वाले एक भारतीय दुकानदार की एक झटके में किस्मत बदल गई
- श्रीजीत नाम के इस शख्स की लॉटरी लग गई जिसमें उसे एक लग्जरी कार के साथ 40 लाख रु. नगद मिला

श्रीजीत ने लॉटरी जीतने के बाद कहा, श्मुझे यकीन नहीं हो रहा है। मैं यूं ही 10 सालों से हर साल इस उम्मीद में एक लॉटरी टिकट खरीद रहा था कि कभी न कभी किस्मत साथ दे देगी। इस इनाम का मेरे जीवन में बड़ा महत्व है और अब मुझे लगता है कि मेरा सपना पूरा हो जाएगा।श उन्होंने बताया, श्मेरे दो लड़के हैं और तीसरा बच्चा भी होने वाला है। इस पैसे मैं अपने बच्चों का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित कर सकूंगा।

इन्फिनिटी मेगा रैफल के तहत दुबई शॉपिंग फेस्टिवल में शामिल होने वालों को हर दिन इन्फिनिटी फ्50 कार के साथ 2 लाख दिरहम (करीब 40 लाख रुपये) नगद ले जाने का ऑफर दिया जाता है। इसमें हिस्सा लेने वालों को 200 दिरहम (करीब 4 हजार रुपये) में एक टिकट खरीदना होता है। इसके अतिरिक्त शॉपिंग फेस्टिवल के समापन पर किसी एक भाग्यशाली विजेता को 10 लाख दिरहम (करीब 2 करोड़ रुपये) का एक ग्रैंड प्राइज भी दिया जाता है।

## दिवालिया पाकिस्तान की हालत खराब, दावोस में ट्रंप से गुहार लगाएंगे इमरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान दावोस में आयोजित होने जा रहे वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम सम्मेलन से इतर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के अलावा विश्व के कई नेताओं से मुलाकात करेंगे। दिवालियेपन की कगार पर खड़े पाकिस्तान के लिए यह एक अवसर है जिस दौरान इमरान ट्रंप सहित वर्ल्ड लीडर्स से आर्थिक मदद की गुहार लगा सकते हैं। इमरान के लिए यह आर्थिक मदद के अलावा खुद को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से निकालने में मदद मांगने का भी अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पाक विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई थी कि इसमें अमेरिका उनकी मदद करेगा। जहां एफएटीएफ वर्किंग ग्रुप के साथ 3 दिनों तक आमने–सामने की बातचीत के लिए पाकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को ही पेइचिंग पहुंच चुका है माना जा रहा है कि इमरान जब ट्रंप के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे तो एकबार फिर इस मुद्दे को उठाएंगे क्योंकि इसपर अप्रैल में एफएटीएफ के ब्लैक लिस्ट में शामिल होने की तलवार लटक रही है।